
आज़ादी का
अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 28.03.2022 से 03.04.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गोवा के मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह

(दिनांक 28.03.22)




**विषय: गोवा के मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज गोवा पहुँचकर नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री श्री प्रमोद सावंत जी के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया और उन्हें पुनः गोवा राज्य का मुख्यमंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश विकास के पथ पर चलकर नित नए आयाम स्थापित करेगा और हर गोवावासी समृद्ध होगा।


## नाबार्ड द्वारा आयोजित स्टेट क्रेडिट सेमिनार

(दिनांक 29.03.22)




**विषय: नाबार्ड द्वारा आयोजित स्टेट क्रेडिट सेमिनार।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में नाबार्ड की और से आयोजित किए गए स्टेट क्रेडिट सेमिनार में मुख्यातिथि के रूप में हिस्सा लिया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बैंकों को अंत्योदय को ध्यान में रखकर नई स्कीमें बनानी चाहिए। सरकार आज हर–एक व्यक्ति और एक–एक परिवार की चिंता कर रही है। हमारी



# साप्ताहिक सूचना पत्र

योजनाएँ ऐसी होनी चाहिए जिससे अंतिम जरुरतमंद व्यक्ति का भला हो सके और वे आत्मनिर्भर बन सकें।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सभी बैंकों को स्टैंड–अप स्कीमों पर काम करना चाहिए, ताकि किसान, मजदूर, नए उद्यमियों को पैरों पर खड़ा किया जा सके। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बैंकों को ऋण देने के साथ–साथ निचले स्तर पर सर्वे, ट्रेनिंग, मॉनिटरिंग, क्षमता बढ़ाने पर भी पैसा खर्च करना चाहिए ताकि जो व्यक्ति बैंक से ऋण लेता है, वह उसका सदुपयोग करे और बैंक को आसानी से वापिस लौटा सके। बैंकों को एनपीए कम करने पर भी ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि गरीब व्यक्ति को ऋण देते समय बैंकों को सी–बिल स्कोर के पैमाने को छोड़ना चाहिए और इसकी रिकवरी सुनिष्चित हो, इसके लिए 100 लोगों पर 1 टीम गठित करके लगातार मॉनिटरिंग की व्यवस्था बनानी चाहिए। उनके आर्थिक ज्ञान को भी बढ़ाना चाहिए ताकि ऋण लेने के बाद वे सफल हो सकें। हम अंत्योदय के भाव से हर पात्र को सक्षम बनाना चाहते हैं।

## सभी विभागों के ACS के साथ बैठक


(दिनांक 30.03.22)

**विषय: सभी विभागों के ACS के साथ बैठक।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी विभगो के सचिवों के साथ विभागों से संबंधित योजनाओं और उनके कार्यान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक की। माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि वह पिछले 7 सालों में विभागों की जो भी योजनाएँ और घोषणाएं है उनकी सूची तैयार कर बताएँ की उनमें कितना–कितना काम किया जा चुका है और कितने लोगों को उनका लाभ मिला है।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस बार के बजट में की गई घोषणाओं की अपने अपने विभागानुसार सूची बनाने और उन्हें लागू करने के संबंध में एक विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए जिसमें कार्ययोजना की समय सीमा भी तय करने के आदेश दिए गए कि कौनसी घोषणा और योजना कब तक लागू होगी इसके लिए एक निष्चित समय तय किया जाए।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी विभागों के सचिवों को यह स्पश्ट कर दिया कि जो भी कार्य और योजनाएँ विभागों की और से लंबित है उन्हें जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाए और यह सुनिष्चित किया जाए कि उनका लाभ जनता तक पहुँचे। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने यह भी कहा कि वह हर विभाग की हर एक योजना का किर्यान्वयन और वह समय पर लागू हुई है या नहीं स्वयं देखेंगे। और इसके लिए उन्होंने अपने कार्यालय में एक CM डैशबोर्ड भी बनवाया है जिस पर उन्हें हर एक योजना की दिन प्रतिदिन की जानकारी मिलती रहेगी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## खेल कोटे के तहत मिलने वाली नौकरियों के संबंध में

(दिनांक 31.03.22)

**विषय: खेल कोटे के तहत मिलने वाली नौकरियों के संबंध में।**




**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने खेल कोटे के तहत मिलने वाली सरकारी नौकरियों के संबंध में एक अहम बैठक की जिसमें उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नौकरियों के और अधिक मौके उपलब्ध करवाएगी। साथ ही साथ सरकार का प्रयास है कि प्रदेश में खिलाड़ियों को हर संभव सुविधाएं व उचित अवसर प्रदान किए जाएं ताकि वे देश व प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। इसी कड़ी में खिलाड़ियों को और अधिक मौके देने के लिए सरकार ने तृतीय श्रेणी की कुल नौकरियों में 3: की दर से आरक्षण जारी रखने का निर्णय लिया है जबकि श्रेणी–घ की नौकरियों के लिए खेल कोटा हेतु 10: की दर से आरक्षण पहले से ही जारी है। श्रेणी ग में खिलाड़ियों को विभाग चुनने का मौका भी अब सरकार देगी।

इसके अलावा हरियाणा सरकार अपने 'पदक लाओ–पद पाओ' के नारे को सार्थक करती हुई खेल विभाग की उत्कृष्ट खिलाड़ी रोजगार नीति के तहत भविष्य में भी उत्कृष्ट खिलाड़ियों को श्रेणी–क, ख, ग के पदों पर सीधी नौकरी बिना किसी परीक्षा या इन्टरव्यू के देती रहेगी।

इसके साथ ही खिलाड़ियों को खेल ग्रेडेशन प्रदान करने की प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा खेल संघों से परिणामों का डाटा ऑनलाइन मंगवाने का निर्णय भी लिया गया है। विभिन्न खेल संघों से पिछले 10 साल तक की प्रतियोगिताओं के परिणाम मंगवाकर प्रतिभागिता करने वाले खिलाड़ियों का डाटा पब्लिक डोमेन में डाला जाएगा। इसके अतिरिक्त भविष्य में खेल संघों को प्रतियोगिता के 15 दिन के भीतर परिणाम खेल विभाग द्वारा तैयार किए जा रहे पोर्टल पर अपलोड करना होगा ताकि बाद में किसी प्रकार के बदलाव की गुंजाईश ना रहे। इससे केवल पात्र व योग्य खिलाड़ियों को ही हरियाणा सरकार की लाभकारी योजनाओं व आरक्षण आदि का लाभ मिल पाना सुनिश्चित किया जा सकेगा।

सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि हर जिले में श्रेणी–क का एक पद 'जिला खेल मैनेजर' के नाम से सृजित किया जाएगा। इन पदों पर स्नातकोत्तर व खेल प्रबंधन में शैक्षणिक योग्यता व अनुभव रखने वाले युवाओं की सीधी भर्ती की जाएगी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गुरुग्राम की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन
(दिनांक 01.04.22)







**विषय: गुरुग्राम की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज गुरुग्राम पँहुचकर विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गुररुग्राम हरियाणा को दुनिया से जोड़ने का सेतु है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसी कई परियोजनाएं अब पूरी होने वाली है जो गुरुग्राम को ट्रेफिक जाम से निजात दिलाएंगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गुरुग्राम हरियाणा का एक महत्वपूर्ण नगर है और हम गुरुग्राम को केवल शहर के तौर पर नहीं देखते बल्कि गुरुग्राम ने विश्व भर में जो ख्याति प्राप्त की है, उससे यह शहर हरियाणा को दुनिया से जोड़ने के लिए एक सेतु के रूप में काम कर रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के समीप गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा बनाए गए अंडरपास, फलाईओवर के अलावा सिग्नेचर टावर व इफको चौक पर बने दो फुटओवर ब्रिज का लोकार्पण किया साथ ही सेक्टर–111 से 115 के लिए जल आपूर्ति वितरण प्रणाली का उद्घाटन भी किया। इन दोनो परियोजनाओं पर लगभग 63 करोड़ रुपये की लागत आई है। इससे गुररुग्राम की लगभग 1 लाख की आबादी को सीधा लाभ होगा। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गुरुग्राम जिला के गांव वजीराबाद में 11 एकड़ भूमि पर राव बिरेन्द्र सिंह खेल परिसर भी बनाया जाएगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## माननीय प्रधानमंत्री जी का “परीक्षा पर चर्चा” कार्यक्रम

(दिनांक 01.04.22)







**विषय: माननीय प्रधानमंत्री जी का “परीक्षा पर चर्चा” कार्यक्रम।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रधानमंत्री जी के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम को सेक्टर–43 सुशांत लोक स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुरुग्राम में विद्यार्थियों के साथ बैठकर सुना। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विद्यार्थियों को बिना तनाव के, फ्री माइंड से परीक्षा देनी चाहिए।

इस दौरान इस स्कूल की कक्षा आठवीं की छात्रा खुशबू ने मुख्यमंत्री से जिज्ञासावश पूछा कि जब हम प्रश्न याद करते हैं तो हमें सभी उत्तर याद हो जाते हैं लेकिन परीक्षा में बैठने के बाद हम उन उत्तरों को भूल जाते हैं। खुशबू ने मुख्यमंत्री से इस बारे में मार्गदर्शन देने को कहा।

मुख्यमंत्री जी ने प्रधानमंत्री जी की बात का उल्लेख करते हुए कहा कि परीक्षाओं में विद्यार्थियों को ज्यादा तनाव लेने की जरूरत नही है, फ्री माइंड से उन्हें परीक्षा देनी चाहिए। प्रश्नपत्र के सभी प्रश्नों को एक साथ दिमाग में नही बैठाना चाहिए, बल्कि एक –एक करके प्रश्न पर विचार करें और उनके उत्तर देने चाहिए। इससे दिमाग पर जोर नही पड़ेगा और तनावमुक्त माहौल में अपनी परीक्षा दे पाएंगे।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## ग्लोबल सिटी कॉन्फ्रेंस

(दिनांक 01.04.22)

**विषय: ग्लोबल सिटी कॉन्फ्रेंस।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज गुरुग्राम में विश्वस्तरीय शहर बनाने के संबंध में एक कॉन्फ्रेंस की जिसमें कई प्रमुख डेवलपर को आमंत्रित किया गया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गुरुग्राम में विश्व स्तर की ग्लोबल सिटी विकसित की जाएगी। इसके लिए सरकार इस क्षेत्र के सभी प्रमुख लोगो के साथ मिलकर एक कार्ययोजना तैयार करेगी उसी संबंध में आज इस बैठक का आयोजन कर सभी से विचार विमर्श किया गया और सुझाव लिए गए। सभी ने खुले मन से चर्चा में हिस्सा लिया और इस चर्चा में बहुत से अच्छे सुझाव आए हैं। उन सुझावों के आधार पर ग्लोबल सिटी विकसित करने की प्लानिंग करेंगे। एक महीने के बाद फिर से बैठक होगी तब सभी हितधारकों को बुलाकर उस काम को आगे बढ़ाएंगे और विश्व स्तर की अच्छी ग्लोबल सिटी यहां विकसित की जाएगी।


## सफीदों रैली

(दिनांक 03.04.22)



**विषय: सफीदों रैली।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने जींद के सफीदों हल्के में जाकर विकास रैली को संबोधित किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हम बिना भेदभाव के प्रदेश के हर क्षेत्र का विकास करवा रहे है। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने अलग–अलग विभागों से जुड़ी 135 करोड़ रुपये की 18 परियोजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया। इसके



# साप्ताहिक सूचना पत्र



साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश का समान रूप से विकास ही मौजूदा सरकार का मुख्य उद्देष्य है और इसके लिए पैसे की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। और वह विकसित एवं भ्रष्टाचार मुक्त हरियाणा के निर्माण के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। भ्रष्टाचार की प्रदेश में कोई जगह नहीं है और ऐसा करने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पिछले 2 साल से कोरोना की वजह से जींद के लोगों से मिलना नहीं हो पाया लेकिन आपके बीच आकर खुश हूं। उन्होंने कहा कि जींद हरियाणा का दिल है। इस इलाके का अपना इतिहास है, जींद की जनता ने उपचुनाव में हमें अपना आशीर्वाद दिया था जिससे हमारा हौशला बढ़ा है।

साथ ही मुख्यमंत्री जी ने आज इसी रैली से अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत जिले के 10 लोगों को 50 हजार रूपये से 2 लाख रूपये तक की राशि विभिन्न विभागों की स्कीम के साथ जोड़ते हुए प्रदान की। इसके अलावा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले के 10 नए लाभार्थियों को बीपीएल कार्ड दिए, जिनकी परिवार पहचान पत्र से मैपिंग की जा चुकी हैं। इसी प्रकार वृद्वावस्था सम्मान भत्ता के तहत भी 10 नए लाभार्थियों को भी सम्मानित किया गया गया। इन सभी लाभार्थियों में से किसी ने भी इन सेवाओं के लिए आवेदन नहीं किया था। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह सही मायने में अंत्योदय है।

## करनाल दौरा

(दिनांक 03.04.22)



**विषय: करनाल दौरा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने करनाल पहुँचकर जिले के लिए विभिन्न विकास की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। यह परियोजनाएं कुल 32 करोड़ रुपए से भी ज्यादा की थी। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने 2 करोड रुपये की लागत से गांव कैलाश में इंडोर कबड्डी स्टेडियम बनाने की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नही है। विकास को भविष्य में भी इसी प्रकार आगे बढ़ाया जाएगा।